कार्यालयः उ0प्र0, लोक सेवा आयोग
संख्या–1428/05/ई–4/RO/ARO-2016/2020-21 TC
प्रयागराजः दिनांक 29 जनवरी, 2021

**प्रेस विज्ञप्ति**

समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (सामान्य/विशेष चयन) परीक्षा–2016 में सहायक समीक्षा अधिकारी पद हेतु प्रारम्भिक परीक्षा के आधार पर मुख्य परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सहायक समीक्षा अधिकारी पद हेतु कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण की परीक्षा दिनांक 23, 24 व 25 फरवरी 2021 को प्रयागराज जनपद में आयोजित होगी।

उक्त कम्प्यूटर पर आयोजित की जाने वाली टंकण दक्षता परीक्षा हिन्दी कम्प्यूटर टंकण हेतु KrutiDev010 Font पर सम्पन्न करायी जायेगी। कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण परीक्षा की अवधि 5 मिनट होगी, जो अभ्यर्थी हिन्दी टंकण परीक्षा में सफल होंगे तथा प्रश्नगत पद की अनिवार्य अर्हता धारित करते हैं, केवल उन्हीं के सहायक समीक्षा अधिकारी पद हेतु दी गयी अधिमान्यता पर विचार किया जायेगा अन्यथा उनके द्वारा उक्त पद हेतु दी गयी अधिमान्यता निरस्त कर दी जायेगी।

अभ्यर्थियों का ई–प्रवेश पत्र एवं अनुदेश आयोग की वेबसाइट http//uppsc.up.nic.in पर यथाशीघ्र अपलोड किये जायेंगे। जिसकी सूचना प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दी जायेगी।

(अरविन्द कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक।